***प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-***
***(पत्रांक-188/2026 दिनांक 08.07.2026)***
***दिनांक-08.07.2026 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-***

थाना चौराखास क्षेत्रान्तर्गत कलेक्शन ऐजेन्ट से लूट की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण,लूट के 1,40,000/- रुपये (एक लाख चालिस हजार रुपये), एक मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त दो अदद मोटर साइकिल के साथ 04 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार-

दिनांक 06.07.2026 को समय करीब 17.35 बजे सूचना मिली कि थाना चौराखास क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्गत बाढ़ू चौराहा (दर्जिया) के पास कुछ व्यक्तियो द्वारा दो व्यक्ति को मारपीट कर 1,50,000/- रूपये तथा एक एण्ड्रायड मोबाइल छिन लिया गया है। सूचना प्राप्त होने पर पर्याप्त पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुँचकर बारिकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा थाना चौराखास पर मु0अ0सं0 115/2026 पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज श्री जयन्त यादव के नेतृत्व में घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसके क्रम में थाना चौराखास व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर घटना का अनवारण करते हुए घटना में सम्मिलित 04 नफर अभियुक्तों को लूट के 1,40,000/- रुपये, एक मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त दो अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछ-ताछ का विवरण-
पूछ-ताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि एक व्यापारी के दुकान का विपिन तुरहा एवं अमन चौबे बकाया वसूली का काम करते हैं। घटना के कुछ दिन पूर्व अभियुक्त विपिन तुरहा द्वारा अपने रिश्तेदार वीरेंद्र कुमार शाह (उर्फ जगुआर) के साथ योजना बनाया कि वह वसूली करने के लिए अक्सर जाता है, उसके मालिक के पास काफी पैसा है, अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रास्ते में हम लोगों के साथ मारपीट का दिखावा कर पैसा ले लेना और 02 दिन बाद मुझे आधा पैसा दे देना, बाकी आधे में तुम अपना हिसाब कर लेना। साजिस के तहत दिनांक 06.07.2026 को

Edit with WPS Office

विपिन तुरहा स्वयं अपनी लोकेशन व्हाट्सएप से जगुआर को दे रहा था। घटनास्थल रुसवा गांव के पास निकट बाढू चौराहा के पास अभियुक्तों 1. अफजल अंसारी 2. शहनवाज अंसारी 3. वीरेन्द्र कुमार शाह उर्फ जगुआर, 4. नीरज यादव व एक अन्य अभियुक्त द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। मौके पर मारपीट के दौरान विपिन तूरहा द्वारा शाहनवाज को घुसा मार देने से नाराज होकर शाहनवाज द्वारा विपिन तुरहा को ज्यादा मारा गया जिसका ईलाज चल रहा है। शीघ्र ही विपिन तूरहा के साथ एक अन्य अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

पंजीकृत अभियोग-
मु0अ0सं0 115/2026 धारा 115(2),126(2), 309(4) बीएनएस थाना चौराखास जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्तगण-
1. अफजल अंसारी पुत्र नियाजुद्दीन अंसारी साकिन रघुनन्दनपुर मंगल टोला थाना चौराखास जनपद कुशीनगर
2. शहनवाज अंसारी पुत्र नफीस अंसारी साकिन भानपुर थाना चौराखास जनपद कुशीनगर
3. वीरेन्द्र कुमार शाह उर्फ जगुआर पुत्र स्व0 जोगिन्दर शाह साकिन साकिन दुहौना थाना कटया जनपद गोपालगंज बिहार
4. नीरज यादव पुत्र गणेश यादव साकिन रघुनन्दनपुर मंगल टोला थाना चौराखास जनपद कुशीनगर

बरामदगी का विवरणः-
1. लूटे गये 1,40,000/- (एक लाख चालीस हजार रूपये)
2. घटना मे प्रयुक्त दो अदद मोटस साइकिल (1. बजाज सीटी 100 वाहन नं0 DL4SAQ8069 व 2. अपाची बिना नम्बर प्लेट की)
3. लूट की एक मोबाइल फोन

बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली टीमः-
1. थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार थाना चौराखास जनपद कुशीनगर
2. उ0नि0 स्वतंत्र कुमार सिंह (प्रभारी स्वाट टीम) जनपद कुशीनगर
3. उ0नि0 श्री नबीस अहमद थाना चौराखास जनपद कुशीनगर
4. उ0नि0 श्री अवनीश कुमार यादव थाना चौराखास जनपद कुशीनगर
5. हे0का0 अशोक यादव थाना चौराखास जनपद कुशीनगर
6. हे0का0 सनातन सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
7. हे0का0 राहुल सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
8. का0 चन्द्रिका मौर्या थाना चौराखास जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office

9. का0 रितेश यादव. थाना चौराखास जनपद कुशीनगर
10. का0 ऋषि पटेल स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
11. का0 शिवानन्द सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
12. का0 अंकित सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर

थाना विशुनपुरा क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना का सफल अनावरण, चोरी गये सामान के साथ 02 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार व 02 नफर बाल अपचारीगण पुलिस अभिरक्षा में-

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज श्री जयन्त यादव के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.07.2026 को थाना विशुनपुरा पुलिस टीम एवं सर्विलांस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम शाहपुर उचकी पट्टी में कई घरो मे हुए चोरी का सफल अनावरण करते हुए मु0अ0सं0 177/2026 से संबंधित चोरी गये सामान के साथ 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया व 02 नफर बाल अपचारीगण अभिराक्षा में लेकर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछ-ताछ विवरण-
पूछ-ताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है जो आस-पास के थाना क्षेत्रों में दिन मे घूमकर रेकी करते है तथा मौका मिलने पर घरो मे, दुकानो मे घुसकर जेवरात रुपया व वाहन आदि की चोरी करके उसको औने–पौने दामो पर बेचकर अवैध लाभ कमा लेते है जिसको अपने ऐशो आराम मे खर्च कर देते है तथा फिर रुपया खर्च होने के पश्चात दूसरी घटना की योजना बनाकर अन्जाम देते है। हम अपने गिरोह में दो नाबालिग लडके रखते है जिससे घर मे घुसते समय पकडे जाने पर कोई न कोई बहाना बनाकर निकल जाते है और लोगो को शक भी नही होता है।

पंजीकृत अभियोग-
मु0अ0सं0 177/2026 धारा 331(4)/305/317(2)/111 बीएनएस थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्तगण व अभिरक्षा में बालअपचारी-
1. रुस्तम अंसारी पुत्र समीउल्लाह अंसारी सा0 जंगल शंकरपुर थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर
2. जुल्फकार अंसारी पुत्र एनुल अंसारी सा0- जंगल शंकरपुर थाना

Edit with WPS Office

तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर
3. दो नफर बाल अपचारी

बरामदगी का विवरण- (आभूषण का कुल कीमत लगभग 04 लाख रुपये)
1. चोरी के कुल 30,810 रुपया नकद
2. अंगूठी एक अदद पीली धातु
3. हार एक अदद पीली धातु
4. मांग टीका एक अदद पीली धातु
5. झुमकी एक जोडी पीली धातु
6. पाजेब चार जोड़ी सफेद धातु
7. बिछिया एक जोडी सफेद धातु
8. एन्ड्रायड मोबाइल फोन तीन अदद चोरी का
9. सिगरेट 5 पैकेट चोरी का
10. एक अदद मोटर साइकिल प्लेटिना नं0 UP57Y9843 चोरी की
11. एक अदद साइकिल चोरी की

अभियुक्तगण/बालअपचारीगण का अन्य आपराधिक इतिहास-
2- मु0अ0सं0 75/2026 धारा 305 बीएनएस थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर
3- मु0अ0सं0 204/2026 धारा 303(2) बीएनएस थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम-
1. SO श्री शनि कुमार जावला थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
2. उ0नि0 स्वतंत्र कुमार सिंह (प्रभारी स्वाट टीम) जनपद कुशीनगर मय टीम
3. उ0नि0 श्री सनी दुबे सर्विलांस प्रभारी कुशीनगर
4. उ0नि0 श्री सौरभ गिरी थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
5. उ0नि0 श्री सूरज सिंह यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
6. उ0नि0 श्री उदयराज यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
7. कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी अमित सिंह सर्विलांस सेल कुशीनगर
8. हे0का0 अभिषेक यादव सर्विलांस सेल कुशीनगर
9. हे0का0 संतोष चौरसिया थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
10. का0 गौरव यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
11. का0 नरेन्द्र यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
12. का0 अभिषेक मौर्या थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
13. का0 उपेन्द्र यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office

थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा गो तस्करी के मुकदमें में वांछित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, अपराध में प्रयुक्त 03 अदद रस्सी बरामद-

जनपद कुशीनगर में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 125/26 धारा धारा 111(4)/325 बीएनएस 3/5ए/5बी/8 गोवध नि0 अधि0 11 पशु क्रूरता अधि0 से सम्बंधित 03 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग-
मु0अ0सं0 125/26 धारा धारा 111(4)325 बीएनएस, 3/5ए/5बी/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना तुर्कपट्टी कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्तगण-
1.सोनू अली पुत्र संजय शाह
2.अली अहमद पुत्र साबिर अली
3.अरमान अली पुत्र संजय शाह निवासीगण अहिरौली दुबौली टोला तकिया थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज, बिहार

आपराधिक इतिहास-
सोनू अली पुत्र संजय शाह का आपराधिक इतिहास-
1.मु0अ0सं0 196/22 धारा 3/5A/8 गोवध नि0 अधि0 11 पशु क्रूरता अधि0 307 भादवि थाना बघौचघाट जनपद देवरिया
2.मु0अ0सं0 76/24 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना बघौचघाट जनपद देवरिया
3.मु0अ0सं0 489/18 धारा 3, 5, 8 गोवध नि0 अधि0 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना तरया सुजान कुशीनगर

अरमान अली पुत्र संजय शाह का आपराधिक इतिहास-
1-मु0अ0सं0 229/2025 धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर
2-मु0अ0सं0 313/2025 धारा 112, 305(ए), 313, 317(2), 331(3) बीएनएस थाना धनकटा जनपद संतकबीरनगर।

बरामदगी का विवरण-
घटना में प्रयुक्त 03  अदद रस्सी

गिरफ्तार करने वाली  पुलिस टीम का विवरण-
Edit with WPS Office

1. **थानाध्यक्ष श्री आलोक कुमार थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**
2. **उ0नि0 श्री स्वतन्त्र देव सिंह प्रभारी स्वाट मय टीम**
3. **उ0नि0 श्री संतोष कुमार थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**
4. **का0 जितेन्द्र कुमार थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**
5. **का0 रामजी कुमार थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**
6. **का0 अशोक प्रजापति थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**
7. **रि0का0 रामजनम यादव थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**
8. **रि0का0 अनुराग कुमार सिंह थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**
9. **रि0का0 सुमित भारद्वाज थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर**

***शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-***
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 55 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

***कार्यवाही एक नजर में=***
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान- 67 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-57, व्यक्ति-152
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(09)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल 64)

***सोशल मीडिया सेल***
***जनपद कुशीनगर***

Edit with WPS Office